764
03.11.2021

बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों को पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी Viraj Total Concept pvt.Ltd. को बेगूसराय जिले में कुशल युवा केन्द्र संचालित किये जाने हेतु पंजीकृत किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र KYP code 05010059 को संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी । कालान्तर में श्री राहुल कुमार, पिता–श्री अनील प्रसाद सिंह, ग्रा0 फुलवरिया तारा आड्डा, पो0 बरौनी, जिला–बेगूसराय के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे उक्त संस्था का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं। आवेदन पत्र में उनके द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि केन्द्र को अधिष्ठापित करने हेतु सारी राशि का व्यय उनके द्वारा किया गया है, साथ हीं उनके द्वारा श्री किशोर कूणाल, पिता–श्री सीतराम महतो, Project Director, Viraj Total Concept pvt.Ltd के बीच एक हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी, जिसमें 15:85% के Revenue sharing का उल्लेख किया गया है ।

श्री राहुल कुमार से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–556 दिनांक–16.08.2021 के द्वारा श्री किशोर कूणाल, पिता–श्री सीतराम महतो, Project Director, Viraj Total Concept pvt.Ltd बेगूसराय से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में श्री किशोर कूणाल द्वारा पत्र के माध्यम से 25.08.2021 को अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया ।

अपने स्पष्टीकरण में श्री किशोर कूणाल द्वारा उल्लेख किया गया है कि उनके पास KYP चलाने का समय नहीं था और वे अपने कंपनी के अन्य काम में व्यस्त था। अतः उनकी कंपनी के द्वारा निर्णय लिया गया कि KYP संचालन की जिम्मेवारी किसी अन्य व्यक्ति को सौंपी जाए। राहुल कुमार से किये गये अनुबंध के अनुसार श्री राहुल कुमार को 85% हिस्सा देना था। श्री राहुल कुमार के द्वारा समर्पित एकरारनामा की प्रति एवं श्री किशोर कुणाल से पुछे गये स्पष्टीकरण के जवाब से स्पष्ट होता है कि प्रथम पक्ष श्री किशोर कुणाल Project Director, Viraj Total Concept pvt.Ltd बेगूसराय एवं द्वितीय पक्ष श्री राहुल कुमार के बीच 15:85% के Revenue sharing के आधार पर यह केन्द्र स्थापित किया गया है।

सभी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात यह प्रमाणित होता है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत अवस्थित कुशल युवा केन्द्र KYP code 05010059 Viraj Total Concept pvt.Ltd. संस्था के द्वारा सीधे तौर पर संचालित नहीं है । अपितु इसका संचालन श्री राहुल कुमार, पिता–श्री अनील प्रसाद सिंह, के द्वारा किया जा रहा है । Franchisee mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बंटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है । Viraj Total Concept pvt.Ltd. संस्था के द्वारा विचौलिये की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए हानिकारक है । उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में कुशल युवा केन्द्र KYP code 05010059 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्ता श्री राहुल कुमार, पिता–अनील प्रसाद सिंह, ग्रा0 फुलवरिया तारा आड्डा, पो0 बरौनी, जिला–बेगूसराय के नाम पर परिवर्तित करने का आदेश दिया जाता है । श्री राहुल कुमार को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–Organisation name, Center name, Owner name,Pan details,Bank account details,email ID एवं मोबाईल नं0 की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके ।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

2/11/21

(आलोक कुमार)
सरकार के विशेष सचिव,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–07/2020 - 764 पटना,दिनांक– 03.11.2021

प्रतिलिपि– (1) श्री किशोर कूणाल, पिता–श्री सीतराम महतो, Project Director, viraj Total Concept pvt.Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) श्री राहुल कुमार, पिता–अनील प्रसाद सिंह, ग्रा0 फुलवरिया तारा आड्डा, पो0 बरौनी, जिला–बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) जिला नियोजन पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) Project Director, MKCL/Project Director,E&Yको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक(समन्वय)/SPMU Incharge बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(7) जिला कौशल प्रबंधक, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2/11/21

(आलोक कुमार)
सरकार के विशेष सचिव,